>

Title: Need to provide adequate power supply to people living around Tehri Hydro Development Corporation Limited in Tehri Garhwal parliamentary constituency, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी-गढ़वाल उत्तराखंड की ओर दिलाना चाहती हूं। टिहरी में टीएचडीसी का बिजली प्रोजेक्ट लगा हुआ है। जिसमें बिजली का उत्पादन काफी अच्छा हो रहा है। इस प्रोजेक्ट से पैदा होने वाली बिजली अन्य प्रदेशों में जनता तथा उद्योगों को मिल रही है। लेकिन दुख का विषय यह है कि जिस क्षेत्र की बिजली से दूसरे प्रदेश रोशन हो रहे हैं, वहीं क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता है। प्रोजेक्ट क्षेत्र के आस-पास के गांवों में 5-6 घंटे तक बिजली की सप्लाई नहीं रहती है। जबकि टीएचडीसी के अपने क्षेत्र के कर्मचारियों के निवासों, कार्यालय तथा गेस्ट हाउस में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति जारी रहती है। इसके कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि बिजली का प्रोजेक्ट इन्हीं की भूमि पर लगा हुआ है और इन्हीं लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। इसलिए मेरा केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह है कि प्रोजेक्ट क्षेत्र के आसपास के गांवों को टीएचडीसी के इसी प्रोजेक्ट से बिजली दी जाए।